(1)

कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0 भोपाल

अरेरा हिल्स, मैदामिल रोड, भोपाल – 462 011

# सफेद कागज की रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों की बिक्री हेतु निविदा फार्म

शासकीय प्रेस भोपाल / ग्वालियर / इन्दौर एवं रीवा हेतु

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26.7.16 दोपहर 1:00 बजे तक

अहस्तांतरणीय

मूल्य रूपये 500 / –

(2)

कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0 भोपाल.

## निविदा सूचना

क्रमांक जी॰बी॰ 5/(वि–1)/2016–2017/ भोपाल, दिनांक

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर/इन्दौर/रीवा की एकत्रित समस्त सफेद कागज की रद्दी कतरन एवं शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा में एकत्रित रील कोर के खाली गुटके के विक्रय हेतु दोहरी लिफाफा पद्धति के अन्तर्गत (पृथक–पृथक लिफाफे में तकनीकी एवं कॉमर्शियल निविदा अंकित कर) मुहरबन्द निविदा दिनांक 26.7.16 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र शर्ते एवं अनुबंध को वेबसाईट **WWW. tenders.gov.in** ,एवं **govtpressmp.nic.in** पर रखा गया है ।

निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाऊनलोड कर प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा के साथ रूपये 500/– की डी.डी. नियंत्रक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री के पक्ष में तैयार कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक 26.7.16 अपरान्ह 1:00 बजे निर्धारित है। तकनीकी निविदाऐं दिनांक 26.7.16 को उपस्थित निविदाकारों/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे खोली जावेंगी।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
म0प्र0,भोपाल।

# "भाग–A"
## तकनीकी निविदा प्रपत्र

निविदा क्रमांक................. शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा

इसे लिफ़ाफे "ए" में भरकर डालना है और लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में "रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों का क्रय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर एवं रीवा के लिये तकनीकी निविदा" लिखा जाना है

प्रति,

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र० भोपाल।

द्वारा:–..............................................................
..............................................................
..............................................................

विषय:– शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय ग्वालियर/इन्दौर/रीवा की रद्दी कतरन एवं शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ ग्वालियर/इन्दौर एवं रीवा में एकत्रित रील कोर के खाली गुटकों के कय के लिये तकनीकी निविदा।
संदर्भ:– आपकी निविदा सूचना क्रमांक जी.बी. 5(वि–1)2016–17/............दिनांक ..........

–0–

विषयांतर्गत मैं/हम मुद्रणालय ग्वालियर/इन्दौर/ रीवा की रद्दी कतरन एवं शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर एवं रीवा में रील कोर के खाली गुटकों के क्रय के लिये तकनीकी निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं।

मैं/हम निविदा के नियम एवं शर्तों को मानने के लिये प्रतिबद्ध हैं। तद्नुसार मेरी/हमारी कटिबद्धता निम्नानुसार है। जिसके साथ प्रमाण भी संलग्न है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र राशि रूपये 500=00 की डिमान्ड ड्राफ्ट | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 2. | राष्ट्रीयकृत/अनुसूची बैंक की निविदा निक्षेप (ई0एम0डी0) राशि रू 25,000/– की एफ0डी0आर0 12 माह की अवधि का। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 3. | म.प्र. वाणिज्यिक कर का टिन नम्बर एवं क्लीयरेन्स प्रमाण--पत्र वर्ष 2015–16 | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 4. | नियम एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकार के | – | संलग्न है अथवा नहीं |

हस्ताक्षर ,एवं रबर लगाकर प्रस्तुत करना होगा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | संस्था का पंजीयन क्रमांक (प्रमाण–पत्र की प्रति सहित)। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 6. | संस्था के मालिक का नाम प्रमाण सहित (भागीदार फर्म हो तो भागीदारों के नाम एवं पता)। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 7. | आयकर का पेन नम्बर | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 8. | रद्दी कतरन उठाने का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं उन संस्थाओं के नाम जहाँ से रद्दी कतरन क्रय की गई है सूची संलग्न करें। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 9. | तथा यह प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें कि "किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा उनकी फर्म का नाम (ब्लैक लिस्ट) काली सूची में नहीं डाला गया है।" | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 10. | यदि शासकीय मुद्रणालयों से रद्दी कतरन उठाने का ठेका मिला है तो वर्ष 2013–14 में रद्दी कतरन उठायी गयी है अथवा नहीं? संबंधित मुद्रणालय का प्रमाण–पत्र। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 11. | यदि रद्दी कतरन उठायी गई है तो उस पर जमा किये गये वाणिज्यिक कर आदि का विवरण प्रमाण सहित। | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 12. | संस्थान का स्थायी पता पिन नम्बर सहित (प्रमाण एवं दूरभाष क्रमांक सहित) | – | संलग्न है अथवा नहीं |
| 13. | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम एवं प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर | – | संलग्न है अथवा नहीं |

दिनांक .........................

**हस्ताक्षर ( निविदाकार )** ...............................................

**नाम ( निविदाकार )** ...............................................

**निविदाकार फर्म की सील** ...............................................

**दूरभाष क्रमांक** ...............................................

नोट :– **तकनीकी निविदा की शर्तों की पूर्ति न करने वाले निविदाकार की कामर्शियल दरें नहीं खोली जावेंगी।**

(5)

# "भाग–बी"

## कॉमर्शियल निविदा प्रपत्र

निविदा क्रमांक ..........

...................................................................................................................................

**शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा के लिए।**

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय ग्वालियर/इन्दौर/रीवा में एकत्रित रद्दी कतरन एवं शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर एवं रीवा में एकत्रित रील कोर के खाली गुटके निर्धारित शर्तों पर निम्न विवरण तथा उनके समक्ष वर्णित दरों पर क्रय करने हेतु अपना ऑफर प्रस्तुत करता हूँ :–

| स. क्र. | स्थान का नाम | रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों का विवरण | भाव प्रति क्विंटल रूपये (अंकों एवं शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 1. रील कोर के खाली गुटके | |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर | 1. रद्दी कतरन<br>2. रील कोर के खाली गुटके | |
| 3. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 1. रद्दी कतरन<br>2. रील कोर के खाली गुटके | |
| 4. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 1. रद्दी कतरन<br>2. रील कोर के खाली गुटके | |

..................................................

निविदाकार के हस्ताक्षर
एवं
फर्म की मुद्रा सहित

# सफेद कागज की रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों की बिक्री हेतु नियम एवं शर्तें

1. शासकीय मुद्रणालय के उपयोग हेतु पेपर मिल्स से क्रय किये गये कागज से प्राप्त रद्दी कतरन जिसमें लगभग 90% सफेद कागज की कतरन होती है तथा रील कोर के खाली गुटके क्रय करने हेतु भाव पृथक– पृथक अंकित किए जावें। भाव प्रति क्विंटल निर्धारित प्रपत्र में ही भरे जावें। **साधारण पत्र द्वारा प्राप्त भाव मान्य नहीं होंगे।**
2. निविदा के साथ ई0एम0डी0 के रूप में राष्ट्रीयकृत/अनुसूची बैंक का राशि रू. 25,000/– (पच्चीस हजार) की 12 माह की अवधि का **एफ0डी0आर0** निम्नानुसार संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कि नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल के नाम देय हो, अन्य किसी रूप में निधि जमा करने पर निविदा पर विचार नही किया जावेगा। जिन निविदाकारों के भाव स्वीकृत होगें उनकी एवं दूसरे नम्बर के उच्चतम दर वाले निविदाकार की राशि रोकी जाकर शेष निविदाकारों की राशि नियंत्रक की स्वीकृति उपरान्त वापिस कर दी जावेगी। ई0एम0डी0 के बिना प्रस्तुत निविदाओं पर किसी हालत में विचार नहीं किया जावेगा । दरें अनुमोदित होने पर अनुमोदित दिनांक से एक वर्ष तक अनुमोदित दरें किसी भी कारण से परिवर्तित नहीं की जावेगी।
3. निविदा सीलबंद लिफाफे में जिस पर "रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों का क्रय, प्रेस का नाम, "भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/ रीवा प्रेस के लिये निविदा" शब्द अंकित हो, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल को प्रेषित की जावे।
4. आमंत्रित निविदाएं दिनांक 26.7.16 को दोपहर 1:00 बजे तक इस कार्यालय में पहुँचाना अनिवार्य है। निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. प्राप्त निविदाओं की तकनीकी निविदा दिनांक 26.7.16 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों /अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही कामर्शियल निविदा खोली जावेगी, जिसके लिये पृथक से दिनांक, समय एवं स्थान से उनको अवगत कराया जायेगा।
6. निविदा स्वीकृत कर अनुबंध करने की सूचना भेजे जाने से सात दिवस के अंदर प्रतिभूति की राशि जमा कर अनुबंध निष्पादित न करने पर टेण्डर डिपॉजिट की राशि राजसात कर ली जायेगी एवं दूसरे नंबर के निविदाकार को अवसर देकर बकाया हानि की वसूली डिफाल्टर निविदाकार से की जावेगी। साथ ही डिफाल्टर निविदाकार को आगामी तीन वर्ष तक शासकीय मुद्रणालयों की निविदा में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा।

7. सफल निविदाकारों को निम्नानुसार प्रेस वाईज प्रतिभूति राशि (ई.एम.डी. समायोजित कर) नियंत्रक,शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में जमा कराकर 12 माह की अवधि की एफ. डी. आर. राष्ट्रीयकृत/अनुसूचि बैंक का प्रस्तुत कर एक वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादन करना होगा,जो निम्नानुसार होगा:–

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 40,000=00 |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय,ग्वालियर | 1,00,000=00 |
| 3. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 1,00,000=00 |
| 4. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 75,000=00 |

8. गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् भी निविदा शर्तों के अंतर्गत सामग्री उठाने में असफल निविदाकार/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा विचार में नहीं ली जावेगी।

9. निविदाकार को निविदा के साथ मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र अथवा स्टेट/सेन्ट्रल कॉमर्शियल/सेल्स टेक्स का क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही टिन नम्बर भी निविदाकार को दर्शाना होगा।

10. मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर सहित अन्य सभी कर जमा करने का उत्तरदायित्व निविदाकार का होगा। अंकित किये गये भाव के अतिरिक्त यह नियमानुसार देना होगा।

11. रद्दी कतरन व रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय की निविदा शर्तों अथवा प्रक्रिया के संबंध में विवाद उत्पन्न होने पर नियंत्रक का निर्णय अंतिम होगा एवं उक्त निर्णय निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी होगा।

12. नियंत्रक को किसी भी निविदा को मान्य करने या अमान्य करने का पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिये कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

13. निविदा में भाव अंकों में तथा शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। काटपीट तथा ओवर रायटिंग वाली निविदाओं को विचार में नहीं लिया जावेगा। अन्य मामूली कमियों के कारण निविदा मान्य करना या न करना, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री म0प्र0 भोपाल पर निर्भर होगा।

14. सफल निविदाकार को मुद्रणालय में एकत्रित रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों के अनुबन्ध निष्पादन उपरांत प्रत्येक माह में एक बार निर्धारित की गई तिथि पर उठाना अनिवार्य होगा। यह माह में एक या एक से अधिक बार भी हो सकता है। शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर/इन्दौर/रीवा में एकत्रित समस्त रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा से उठाकर संबंधित मुद्रणालय से अदेय अमांग प्रमाण–पत्र लेना होगा। रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके न उठाने की स्थिति में नियंत्रक द्वारा अनुबंध आदेश निरस्त किया जायेगा। शास्ति नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल द्वारा पृथक से अधिरोपित की जावेगी।

15. समस्त रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके उठाने का प्रमाण–पत्र कार्यालय उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा, से प्राप्त होने पर और अनुबंध में दी गई शर्तों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत न होने पर ही प्रतिभूति की धनराशि नियंत्रक की स्वीकृति उपरान्त वापिस की जावेगी अन्यथा शर्त क्रमांक–14 के उल्लंघन पर पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

16. अनुबन्ध निष्पादित करने वाले ठेकेदार इस निविदा के अंतर्गत ठेका उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका कोई भाग हस्तांतरित/अधिकृत नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीनं किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

17. निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदाकर्ता को निविदा सूचना में निबद्ध समस्त शर्तें और प्रतिबंध मान्य हैं। व्यवसाई द्वारा दी गई काउन्टर टर्म्स मान्य नहीं होगी।

18. पुरानी सुरक्षा निधि/प्रतिभूति राशि यदि इस कार्यालय में जमा हो तो वह इस निविदा के अंतर्गत मान्य नहीं होगी।

19. रद्दी की तौल, सफल निविदाकार को अपने मजदूर लगाकर अपने ट्रक में जहाँ है जैसी है को भरवाकर ट्रक की तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में धर्मकांटे पर करवानी होगी। खाली ट्रक का वजन जिस धर्मकांटे पर किया जावेगा उसी धर्मकांटे पर भरे ट्रक का वजन किया जावेगा। भरे ट्रक के वजन से खाली ट्रक का वजन घटाने से प्राप्त रद्दी कतरन का वजन ही मान्य किया जायेगा।

20. ठेकेदार को रद्दी कतरन एवं सभी रील कोर के खाली गुटके जो मुद्रणालय में उपलब्ध होंगे जहाँ है, जैसे हैं उस हालत में उठाने होंगे। ट्रक जिस दिन आयेगा ,उसी दिन अनिवार्यतःबाहर जायेगा ,तथा ट्रक दिन में ही जायेंगे। रद्दी कतरन या गुटकों को श्रेणी करण करने या छँटाई आदि हेतु शासकीय मुद्रणालय का परिसर प्रयोग नही किया जायेगा. ऐसा करने पर 10,000/– (दस हजार रूपय) प्रतिदिन की पेनाल्टी (शास्ति) लगेगी ।

21. किसी भी परिस्थिति में समय वृद्वि नही की जायेगी ।

22. रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकें के अतिरिक्त शासकीय मुद्रणालय की अन्य किसी भी वस्तु को हाथ नही लगाया जायेगा।

23. रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकें उठाने हेतु प्रतिदिन अनुमति तथा पास लेना होगा।

**नोटः** नियम एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर ,रबर सील लगाकर इसे तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करे।

**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल ।**
30/6/16